Q.7 1991 के पश्चात वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारत के एकीकरण का सबसे अच्छा प्रमाण निम्नलिखित में से किसकी वृद्धि में दिखाई देता है?

Ans
- ✗ 1. पारंपरिक विनिमय के माध्यम से वस्तु व्यापार
- ✓ 2. विदेशी व्यापार और विदेशी निवेश का अंतर्वाह
- ✗ 3. संरक्षित स्थानीय बाज़ारों के भीतर घरेलू व्यापार
- ✗ 4. ग्रामीण परिवारों द्वारा जीवन निर्वाह कृषि

Q.8 जून 2026 में सरकार द्वारा शुरू किए गए समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (SSBSK) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों की शिक्षा का समर्थन करना
- ✓ 2. जन्म से 36 महीने की उम्र तक बच्चों के लिए एकीकृत बाल स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना
- ✗ 3. किशोरों तक पोषण संबंधी सप्लीमेंट्स पहुँचाना
- ✗ 4. गर्भावस्था के समय मातृ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना

Q.9 न्यायिक विलंब पर मई 2026 के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, उच्च न्यायालयों द्वारा आरक्षित निर्णय (reserved judgment) सुनाए जाने की अंतिम समय-सीमा क्या है?

Ans
- ✓ 1. तीन माह
- ✗ 2. चार माह
- ✗ 3. एक माह
- ✗ 4. दो माह

Q.10 मार्च 2026 में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (WTO) का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC14) निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया गया था?

Ans
- ✓ 1. याउंडे (Yaoundé)
- ✗ 2. जिनेवा (Geneva)
- ✗ 3. अदीस अबाबा (Addis Ababa)
- ✗ 4. नैरोबी (Nairobi)

Q.11 द्रव्यमान संरक्षण का नियम प्रतिपादित करने का श्रेय किसे दिया जाता है?

Ans
- ✗ 1. जोसेफ प्राउस्ट (Joseph Proust)
- ✗ 2. अर्नेस्ट रदरफोर्ड (Ernest Rutherford)
- ✓ 3. आंतोएन लावूसिए (Antoine Lavoisier)
- ✗ 4. जॉन डाल्टन (John Dalton)

Q.12 वाहन के विंग (wing) पर एक उत्तल दर्पण लगा है। गुणों का कौन-सा संयोजन इसे एक प्रभावी पश्चदर्शी (rear-view) दर्पण के रूप में कार्य करने में सहायता करता है?

Ans
- ✗ 1. उल्टे प्रतिबिंब और संकीर्ण दृश्य-क्षेत्र
- ✓ 2. सीधे प्रतिबिंब और विस्तृत दृश्य-क्षेत्र
- ✗ 3. आवर्धित प्रतिबिंब और उच्च परावर्तिता
- ✗ 4. आभासी प्रतिबिंब और सीमित कवरेज

Q.13 मई 2026 में किस संगठन ने सेंट्रल प्रभारी ऑफिसर (CPO) पोर्टल लॉन्च किया?

Ans
- ✓ 1. नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (नीति आयोग)
- ✗ 2. ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD)
- ✗ 3. प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG)
- ✗ 4. राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (NIC)

Q.14 अप्रैल 2026 में, भारत और कोरिया गणराज्य ने निवेश-आधारित शमन (investment-driven mitigation) परियोजनाओं के लिए एक सहकारी उपागम स्थापित करने वाले समझौते को अंतिम रूप दिया। पेरिस समझौते के किस प्रावधान के अंतर्गत इस सहयोग की स्थापना की गई थी?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 13.7
- ✗ 2. अनुच्छेद 4.3
- ✓ 3. अनुच्छेद 6.2
- ✗ 4. अनुच्छेद 9.1

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q.15 किसी घटक के माध्यम से धारा को मापने के लिए ऐमीटर को संयोजित करने का सही तरीका निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
- ✗ 1. घटक के साथ समांतर क्रम में
- ✗ 2. विवृत स्विच पर
- ✓ 3. घटक के साथ श्रेणीक्रम में
- ✗ 4. केवल शक्ति स्रोत पर

Q.16 हरित क्रांति के पहले चरण में किस राज्य को सबसे अधिक लाभ हुआ?

Ans
- ✗ 1. असम
- ✓ 2. पंजाब
- ✗ 3. ओडिशा
- ✗ 4. केरल

Q.17 गुप्त काल के दौरान, किस नए प्रकार के स्तंभ-शीर्ष द्वारा मौर्यकालीन उल्टे कमल या घंटी के आकार वाले स्तंभ-शीर्ष को प्रतिस्थापित किया गया था?

Ans
- ✗ 1. सिंह स्तंभ-शीर्ष (Lion capital)
- ✗ 2. अमलका स्तंभ-शीर्ष (Amalaka capital)
- ✓ 3. कलश स्तंभ-शीर्ष (Vase capital)
- ✗ 4. कोरिंथियन स्तंभ-शीर्ष (Corinthian capital)

Q.18 1956 के औद्योगिक नीति संकल्प के अनुसार, अनुसूची A में सूचीबद्ध उद्योगों के लिए किस क्षेत्र को विशेष उत्तरदायित्व सौंपा गया था?

Ans
- ✗ 1. संयुक्त
- ✗ 2. सहकारी
- ✗ 3. निजी
- ✓ 4. सार्वजनिक

Q.19 जागर गाथाएँ किस भारतीय राज्य की लोक परंपराओं से संबद्ध थीं?

Ans
- ✓ 1. उत्तराखंड
- ✗ 2. हिमाचल प्रदेश
- ✗ 3. छत्तीसगढ़
- ✗ 4. राजस्थान

Q.20 जुलाई 2026 में गुवाहाटी में BRICS मादक पदार्थ निरोधक अभिकरणों के प्रमुखों की बैठक का आयोजन किस राष्ट्रीय अभिकरण ने किया था?

Ans
- ✗ 1. प्रवर्तन निदेशालय
- ✗ 2. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो
- ✓ 3. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो
- ✗ 4. राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण

Section : **General Awareness 2**

Q.1 संसदीय प्रणाली में राज्य के प्रमुख के रूप में राष्ट्रपति की भूमिका का सर्वोत्तम निरूपण कौन-सा उत्तरदायित्व करता है?

Ans
- ✓ 1. पद के लिए निर्धारित संवैधानिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रतीकात्मक रूप से संपूर्ण राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करना
- ✗ 2. राष्ट्र के लिए नीतिगत निर्णय लेते हुए सरकारी प्रशासन का स्वतंत्र रूप से संचालन करना
- ✗ 3. संवैधानिक संस्थाओं के बीच विवादों का समाधान करते हुए स्वतंत्र रूप से न्यायिक प्राधिकार का प्रयोग करना
- ✗ 4. सरकार की विधायी प्राथमिकताओं को तय करते हुए संसदीय कामकाज को स्वतंत्र रूप से नियंत्रित करना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q.2 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 2020 में लॉन्च की गई उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (PLI) योजना के केंद्रीय लक्ष्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✔ 1. उत्पादन-संबद्ध वित्तीय प्रोत्साहनों के माध्यम से घरेलू विनिर्माण को बढ़ाना
- ✘ 2. सख्त औद्योगिक संरक्षण उपायों के माध्यम से आयात निर्भरता को कम करना
- ✘ 3. विस्तारित संस्थागत क्रेडिट सपोर्ट के माध्यम से लघु उद्यम को प्रोत्साहित करना
- ✘ 4. अधिक सरकारी औद्योगिक निवेश के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के विनिर्माण का विस्तार करना

Q.3 ग्रीष्म ऋतु के दौरान भारत के उत्तर-पश्चिमी मैदानों पर किस प्रकार की दाब प्रणाली (pressure system) विकसित होती है?

Ans
- ✔ 1. निम्न-दाब गर्त जो आर्द्र मानसूनी पवनों को आकर्षित करता है
- ✘ 2. स्थिर वायुमंडलीय कोष्ठिका, जो बादलों के निर्माण को रोकती है
- ✘ 3. मध्यम-दाब पट्टी जो शुष्क ध्रुवीय समीर को संचालित करती है
- ✘ 4. उच्च-दाब गर्त जिसके कारण तटीय वायु नीचे बैठता जाता है

Q.4 निम्नलिखित में से किस अधिनियम में गैर-सरकारी सदस्यों को विधायी प्रयोजनों के लिए गवर्नर-जनरल की परिषद में नामित करके भारतीयों को विधि निर्माण प्रक्रिया में शामिल करने का प्रावधान किया गया था?

Ans
- ✘ 1. भारतीय परिषद अधिनियम, 1892
- ✘ 2. भारतीय परिषद अधिनियम, 1909
- ✔ 3. भारतीय परिषद अधिनियम, 1861
- ✘ 4. विनियमन अधिनियम, 1773

Q.5 भूटान की उत्तरी सीमा पर, जो भारत के एक पड़ोसी देश के रूप में है, कौन-सी भौगोलिक विशेषता इसके परिदृश्य का एक बड़ा हिस्सा बनाती है?

Ans
- ✘ 1. सिंधु-गंगा मैदान प्रणाली
- ✘ 2. दक्कन पठार प्रणाली
- ✘ 3. प्रायद्वीपीय पठार प्रणाली
- ✔ 4. हिमालय पर्वत प्रणाली

Q.6 पूर्व-औपनिवेशिक और प्राचीन भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास में, पाठशाला, मदरसा और विहार जैसे शब्दों का मुख्य संदर्भ निम्नलिखित में से किससे था?

Ans
- ✘ 1. भू-राजस्व प्रणालियां
- ✘ 2. सैन्य प्रशिक्षण की विधियां
- ✔ 3. शैक्षिक संस्थानों के प्रकार
- ✘ 4. कृषि उत्पादन के प्रकार

Q.7 निम्नलिखित में से किसे 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम बैठक आयोजित करने का श्रेय दिया जाता है, जो एक सेवानिवृत्त सरकारी सेवक थे, जिन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद भारत में ही रहने का निर्णय लिया था?

Ans
- ✔ 1. ए.ओ. ह्यूम (A.O. Hume)
- ✘ 2. सर हेनरी कॉटन (Sir Henry Cotton)
- ✘ 3. लॉर्ड कर्जन (Lord Curzon)
- ✘ 4. लॉर्ड डफरिन (Lord Dufferin)

Q.8 भारत के संविधान में राज्य नीति के निदेशक तत्वों के तहत, कौन-सा अनुच्छेद राज्य को कार्य की न्यायसंगत और मानवीय परिस्थितियाँ सुनिश्चित करने और मातृत्व राहत के लिए प्रावधान करने का निर्देश देता है?

Ans
- ✘ 1. अनुच्छेद 47
- ✔ 2. अनुच्छेद 42
- ✘ 3. अनुच्छेद 37
- ✘ 4. अनुच्छेद 40

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q.9 किस पंचवर्षीय योजना ने महालनोबिस मॉडल (Mahalanobis mode) को अपनाया, जिसमें तीव्र औद्योगिकीकरण के लिए भारी और बुनियादी उद्योगों पर जोर दिया गया?

Ans
- ✗ 1. पहली पंचवर्षीय योजना
- ✗ 2. तीसरी पंचवर्षीय योजना
- ✓ 3. दूसरी पंचवर्षीय योजना
- ✗ 4. चौथी पंचवर्षीय योजना

Q.10 लॉर्ड कर्ज़न की बंगाल विभाजन योजना के तहत गठित "पूर्वी बंगाल और असम" प्रांत किस तिथि को अस्तित्व में आया?

Ans
- ✗ 1. 26 जनवरी 1905
- ✓ 2. 16 अक्टूबर 1905
- ✗ 3. 7 अगस्त 1905
- ✗ 4. 15 अगस्त 1905

Q.11 किस चोल सरदार ने मुत्तरैयारों से तंजावुर जीतकर और उसे चोल शासन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाकर, लगभग 850 ईस्वी में चोल सत्ता को पुनर्जीवित किया?

Ans
- ✗ 1. आदित्य चोल प्रथम
- ✗ 2. राजेंद्र चोल प्रथम
- ✗ 3. कुलोथुंगा चोल प्रथम
- ✓ 4. विजयालय चोल

Q.12 सितंबर 1916 में, किस प्रमुख ब्रह्म विद्यावादी और राष्ट्रवादी नेता ने मद्रास के अड्यार में मुख्यालय के साथ ऑल इंडिया होम रूल लीग की स्थापना की थी और जिन्होंने अपनी पत्रिकाओं न्यू इंडिया और कॉमनवील के माध्यम से स्वशासन का पक्ष समर्थन किया था?

Ans
- ✓ 1. एनी बेसेंट
- ✗ 2. अरुणा असफ़ अली
- ✗ 3. विजय लक्ष्मी पंडित
- ✗ 4. सरोजिनी नायडू

Q.13 अनुच्छेद 167(c) के तहत, यदि किसी मंत्री ने किसी ऐसे विषय पर निर्णय ले लिया है जिस पर मंत्रिपरिषद ने विचार नहीं किया है, तो राज्यपाल मुख्यमंत्री से क्या अपेक्षा कर सकते हैं?

Ans
- ✗ 1. मंत्रिपरिषद के विचारार्थ वित्तीय विवरण प्रस्तुत करना
- ✓ 2. मंत्रिपरिषद के विचारार्थ मंत्री-स्तरीय निर्णय प्रस्तुत करना
- ✗ 3. मंत्रिपरिषद के विचारार्थ न्यायिक मामला प्रस्तुत करना
- ✗ 4. मंत्रिपरिषद के विचारार्थ विधायी प्रस्ताव प्रस्तुत करना

Q.14 मेघदूतम्, जिसे 'द क्लाउड मैसेंजर' भी कहा जाता है, उसकी रचना किसने की थी?

Ans
- ✗ 1. भारवि
- ✗ 2. बाणभट्ट
- ✓ 3. कालिदास
- ✗ 4. माघ

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम रूप से व्याख्या करता है कि ज्वारीय वन, चरम मौसम की घटनाओं के प्रति तटीय क्षेत्रों की सुभेद्यता (vulnerability) को कम करने में कैसे योगदान देते हैं?

Ans
- ✗ 1. वे अंतर्देशीय ज्वारीय प्रवाह को त्वरित करते हैं
- ✗ 2. वे तटीय तापमान बढ़ाते हैं
- ✓ 3. वे तरंग ऊर्जा को अवशोषित करते हैं
- ✗ 4. वे ज्वारीय प्रवाह को बढ़ाते हैं

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q.16 वर्ष 2021 में शुरू की गई कौन-सी पहल भारत के परिवहन और लॉजिस्टिक नेटवर्क में इंटीग्रेटेड मल्टीमोडल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देती है?

Ans

✗ 1. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana)

✗ 2. स्मार्ट सिटी मिशन कार्यक्रम (Smart Cities Mission Programme)

✗ 3. राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना योजना (National Rural Infrastructure Scheme)

✓ 4. पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (PM Gati Shakti National Master Plan)

Q.17 भारत अपने भौगोलिक निर्देशांकों के अनुसार किस गोलार्ध में स्थित है?

Ans

✗ 1. पश्चिमी गोलार्ध

✗ 2. दक्षिणी गोलार्ध

✗ 3. पूर्वी गोलार्ध

✓ 4. उत्तरी गोलार्ध

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भारत में तृतीयक क्रियाकलाप का एक उदाहरण है?

Ans

✗ 1. कृषि उत्पादन

✗ 2. वस्त्र विनिर्माण

✗ 3. कोयला खनन

✓ 4. बैंकिंग सेवाएं

Q.19 पंचायती राज संस्थाओं के संवैधानिक मान्यता के संबंध में, एल.एम. सिंघवी समिति और थुंगन समिति, दोनों ने इनमें से कौन-सी सिफारिश की थी?

Ans

✗ 1. जिला कलेक्टर को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त करना

✓ 2. पंचायती राज संस्थानों को संवैधानिक दर्जा देने का समर्थन करना

✗ 3. पंचायती राज निकायों के लिए पांच वर्ष का निश्चित कार्यकाल निर्धारित करना

✗ 4. ग्राम समूहों के लिए न्याय पंचायतों की स्थापना करना

Q.20 निम्नलिखित में से किसे भारत के विनिर्माण क्षेत्रक का भाग माना जाता है?

Ans

✗ 1. खनन कार्य

✗ 2. मत्स्य पालन गतिविधियाँ

✗ 3. कृषि खेती

✓ 4. वस्त्र उत्पादन

Section : **General Intelligence and Reasoning Ability**

Q.1 यदि शब्द PEARLS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में बाईं ओर से चौथा अक्षर निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

Ans

✗ 1. M

✗ 2. S

✓ 3. Q

✗ 4. F

Q.2 किसी तस्वीर में एक लड़के की तरफ इशारा करते हुए, मीना ने कहा, "वह मेरे पति की माता की इकलौती पुत्री का पुत्र है।" लड़के का मीना से क्या संबंध है?

Ans

✗ 1. बहन का पुत्र

✗ 2. भाई

✗ 3. पुत्र

✓ 4. पति की बहन का पुत्र

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q.3 उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे 43 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, सोनाक्षी बाएं छोर से 18वें स्थान पर है। यदि दीक्षित, सोनाक्षी के दाएं 11वें स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएं छोर से दीक्षित का स्थान कौन-सा है?

Ans
✗ 1. 13वां
✗ 2. 14वां
✗ 3. 16वां
✓ 4. 15वां

Q.4 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है:
HAS KIT LOG MOD
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार निर्मित कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
✗ 1. एक भी नहीं
✗ 2. दो
✗ 3. तीन
✓ 4. चार

Q.5 निम्नलिखित त्रिक में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता है।
CLAN - LNAC - NALC
EAST - ATSE - TSAE

Ans
✓ 1. HOPS - OSPH - SPOH
✗ 2. QUIT - UQIT - TUIQ
✗ 3. NEST - NSET - TSEN
✗ 4. RACK - ARCK - KACR

Q.6 मिस्टर सेरथ, बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 7 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 12 km गाड़ी चलाता है, फिर वह दाएं मुड़ता है और 29 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 3 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 10 km गाड़ी चलाता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 4 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है और 12 km गाड़ी चलाकर बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✓ 1. 5 km, उत्तर की ओर
✗ 2.
6 km, पूर्व की ओर
✗ 3. 7 km, पश्चिम की ओर
✗ 4. 3 km, दक्षिण की ओर

Q.7 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) **B 3 # * N $ D 4 & U = 6 + K < T L £ M % G V @ F** (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक अक्षर है?

Ans
✗ 1. तीन
✗ 2. एक
✓ 3. दो
✗ 4. चार

Q.8 छह बॉक्स, A, B, C, D, E और F, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। C को नीचे से तीसरे स्थान पर रखा गया है। D और C के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। D को E के ठीक ऊपर रखा गया है। B को F के ठीक नीचे रखा गया है। नीचे से दूसरा बॉक्स कौन-सा है?

Ans
✗ 1. A
✗ 2. B
✓ 3. F
✗ 4. E

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.9 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है 'A, B की बहन है'
A @ B का अर्थ है 'A, B का भाई है'
A # B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है 'A, B का पिता है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'X÷Y+L@O#P' है, तो X का P से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पिता
✗ 2. भाई
✗ 3. पत्नी का भाई
✓ 4. पत्नी के पिता

Q.10 एक निश्चित कूट भाषा में,
"stage dancer music performs" को "cB IF vH bM" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है
"theatre stage music supports" को "zO gS bM IF" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है
"dancer talented practices stage" को "jM IF cB jH" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है
(सभी कूट केवल दो अक्षर वाले कूट हैं।)
दी गई भाषा में 'dancer' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
✓ 1. cB
✗ 2. bM
✗ 3. jM
✗ 4. gS

Q.11 सात मित्र, K, L, M, N, U, V और W एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। M के दाएं कोई नहीं बैठा है। M और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। W, M के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। L, U के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। U, V के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। K और W के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. चार
✓ 2. तीन
✗ 3. दो
✗ 4. एक

Q.12 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एक अंक वाली संख्याएं हैं।

(बाएं) 4 Ω 3 5 + @ 1 & # 6 * £ 5 # 6 9 & 1 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाईं ओर से सातवां होगा?

Ans
✓ 1. 5
✗ 2. 6
✗ 3. 9
✗ 4. 1

Q.13 नीचे दिए गए दो युग्मों के समुच्चय के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
UOI : PKK
SWI : NSK

Ans
✓ 1. ONJ : JJL
✗ 2. NUB : IQC
✗ 3. GIF : BDH
✗ 4. MOA : HKB

Q.14 यदि शब्द **DUSTBIN** के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में कितने स्वर होंगे?

Ans
✓ 1. 1
✗ 2. 0
✗ 3. 3
✗ 4. 2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.15 छह बॉक्स A, B, C, D, E और F एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। F को सबसे नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। D और C के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। B और F के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। A को F के ठीक ऊपर रखा गया है। E को B के ठीक नीचे रखा गया है। D को F के ठीक नीचे रखा गया है।
सबसे ऊपर से दूसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
✗ 1. A
✗ 2. B
✓ 3. E
✗ 4. C

Q.16 एक निश्चित कूट भाषा में,
"trades shares market broker" को "fW dR rP fD" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है
"contacts client shares market" को "fW pC fD qZ" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है
"experienced broker market advises" को "cN sF fD dR" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है
(सभी कूट केवल दो-अक्षर वाले कूट हैं।)
दी गई भाषा में 'shares' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
✗ 1. rP
✗ 2. pC
✗ 3. dR
✓ 4. fW

Q.17 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच तीन अंकों की संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 648 835 659 680 374 (दाएं)
(उदाहरण - 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक के साथ जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✗ 1. 6
✓ 2. 10
✗ 3. 14
✗ 4. 17

Q.18 सात बॉक्स R, E, A, D, I, N और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। A के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। A और N के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। E और R के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। R को N के ठीक ऊपर रखा गया है। E और D के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। G को I के ठीक ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। G के नीचे दूसरा बॉक्स कौन-सा है?

Ans
✗ 1. E
✓ 2. N
✗ 3. R
✗ 4. I

Q.19 नीचे दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) C V * € © £ O £ $ Z S & A V £ V £ U Z € N & (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
✗ 1. 1
✓ 2. 2
✗ 3. 3
✗ 4. 4

Q.20 सात मित्र F, G, H, I, T, U और V एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। कोई भी I के दाईं ओर नहीं बैठा है। T और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। U, F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है, I और U के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। V, G के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। H और V के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. तीन
✗ 3. एक
✓ 4. दो

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Section : **General Intelligence and Reasoning Ability 2**

Q.1 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(20, 400, 8)
(15, 225, 3)

Ans
✗ 1. (30, 900, 17)
✓ 2. (22, 484, 10)
✗ 3. (18, 324, 10)
✗ 4. (25, 676, 13)

Q.2 उस वेन आरेख का चयन करें, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम तरीके से दर्शाता है।

Wood (W), Chair (C), Table (T)

Ans
✗ 1.


✗ 2.


✓ 3.


✗ 4.


Q.3 तीन कथन दिए गए हैं और उनके बाद दो निष्कर्ष I. और II. दिए गए हैं। यह मानते हुए कि कथन सत्य हैं, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्धारित कीजिए कि कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी बैंड, जहाज हैं। कुछ जहाज, घोड़े हैं। सभी पिन, घोड़े हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ पिन, बैंड हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ पिन, जहाज हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ 2. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.4 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि क्या कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

प्रश्न:
S, H, P, I, M, N और T एक गोल मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। N के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

कथन:
(I) T, S के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। N के दाईं ओर से गिनने पर H और N के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।
(II) M, S के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। P और N में से कोई भी I का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

Ans
✔ 1. कथन I और II में दिया गया डेटा संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
✘ 2. कथन II का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।
✘ 3. कथन I का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
✘ 4. कथन I और II में दिया गया डेटा संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Q.5 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

4 मित्रों W, X, Y और Z में से प्रत्येक की आयु अलग-अलग है, किसकी आयु सबसे अधिक है?

(I) W की आयु, X की आयु से अधिक है लेकिन Y की आयु से कम है।
(II) Z की आयु सबसे अधिक नहीं है। Y की आयु, W की आयु से अधिक है। X की आयु सबसे कम है।

Ans
✘ 1. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
✔ 2. अकेले कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
✘ 3. कथन I और II दोनों एक साथ (न तो अकेले कथन I या न तो अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
✘ 4. अकेले कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

Q.6 संख्या 5293164 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
✘ 1. तीन
✔ 2. दो
✘ 3. एक
✘ 4. एक की भी नहीं

Q.7 दर्पण को चित्रानुसार 'MN' के अनुदिश रखने पर दिए गए संयोजन के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।



Ans
✘ 1. 
✘ 2. 
✔ 3. 
✘ 4. 

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.8 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
152 133 125 106 98 79 ?

Ans
✗ 1. 66
✗ 2. 60
✓ 3. 71
✗ 4. 55

Q.9 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित प्रकार से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. QKL
✗ 2. LFB
✗ 3. XRN
✗ 4. TNJ

Q.10 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
3 24 45 66 87 ?

Ans
✗ 1. 107
✗ 2. 106
✓ 3. 108
✗ 4. 105

Q.11 यदि संख्या 3715864 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और इसके प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े अंक और सबसे छोटे अंक के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 8
✗ 2. 7
✗ 3. 5
✓ 4. 6

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.12 उस विकल्प आकृति को चुनें, जिसमें दी गई आकृति (X) उसके एक भाग के रूप में अन्तर्निहित है (आकृति को घुमाने की अनुमति नहीं है)।

(X)

Ans

✗ 1.



✗ 2.



✓ 3.



✗ 4.



Q.13 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

24 + 81 × 3 ÷ 11 - 2 = ?

Ans

✓ 1. 19

✗ 2. 22

✗ 3. 25

✗ 4. 14

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q.14 चित्रानुसार यदि दर्पण को 'MN' पर रखा जाए, तो दिए गए संयोजन के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।

Ans
✗ 1. ⅂ ⅃ ꓘ ʎ ꓭ
✗ 2. ⅃ ⅂ ꓘ Y ꓭ
✗ 3. ⅃ ⅂ ꓘ ʎ ꓭ
✓ 4. ⅂ ⅃ ꓘ Y ꓭ

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?
NER132 , FWJ122 , XOB112 , PGT102 , ?

Ans
✗ 1. HYM92
✗ 2. HUL92
✗ 3. GYL92
✓ 4. HYL92

Q.16 उस वेन आरेख का चयन कीजिए जो निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करता है।
डॉल्फ़िन्स (Dolphins), सील्स (Seals), समुद्री जीव (Marine Animals)

Ans
✗ 1.

✗ 2.

✗ 3.

✓ 4.

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.17 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(158, 116, 282)
(182, 154, 344)

Ans
✗ 1. (109, 184, 305)
✓ 2. (112, 191, 311)
✗ 3. (141, 204, 352)
✗ 4. (162, 123, 296)

Q.18 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी तरीके से संबंधित हैं जिस तरीके से निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(34, 1136, 20)
(27, 722, 7)

Ans
✗ 1. (21, 415, 25)
✗ 2. (9, 75, 5)
✗ 3. (37, 1355, 13)
✓ 4. (32, 1020, 4)

Q.19 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
256 101 239 136 222 171 ?

Ans
✗ 1. 213
✗ 2. 220
✓ 3. 205
✗ 4. 194

Q.20 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. PTV
✗ 2. JNL
✗ 3. RVT
✗ 4. FJH

Section : **Arithmetical and Numerical Ability**

Q.1 $12+6\div2\times(5-2)^2$ को सरलीकृत कीजिए।

Ans
✓ 1. 39
✗ 2. 81
✗ 3. 135
✗ 4. $12\frac{1}{3}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.2 नीचे दी गई तालिका में एक कारखाने द्वारा क्रमागत चार वर्षों में तीन प्रकार की साइकिलों - मॉडल A, मॉडल B और मॉडल C के उत्पादन को दर्शाया गया है। सभी चार वर्षों में मॉडल A के कुल उत्पादन और सभी चार वर्षों में मॉडल B के कुल उत्पादन का अनुपात कितना है?

वर्ष	मॉडल A	मॉडल B	मॉडल C
2021	450	300	250
2022	500	350	300
2023	600	400	350
2024	650	450	400

Ans
✗ 1. 23 : 25
✗ 2. 23 : 15
✓ 3. 22 : 15
✗ 4. 22 : 25

Q.3 यदि ₹4375 की धनराशि को 8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर 1 वर्ष के लिए निवेश किया जाता है, जहाँ ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो 1 वर्ष बाद मिश्रधन कितना होगा?

Ans
✓ 1. ₹4732
✗ 2. ₹4632
✗ 3. ₹4832
✗ 4. ₹4532

Q.4 एक कंपनी ने अपने कार्यबल में 10% की वृद्धि की। यदि कर्मचारियों की मूल संख्या 200 थी, तो वृद्धि के बाद कार्यबल और मूल कार्यबल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 13:10
✗ 2. 10:11
✗ 3. 9:10
✓ 4. 11:10

Q.5 वह न्यूनतम धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए, जिसे 9, 12 और 15 व्यक्तियों के समूहों में बिना किसी शेष के समान रूप से वितरित किया जा सकता है।

Ans
✓ 1. 180
✗ 2. 360
✗ 3. 90
✗ 4. 120

Q.6 एक धनराशि, जब 20% वार्षिक की दर से साधारण ब्याज पर निवेश की जाती है, तो 2 वर्ष बाद ₹6720 हो जाती है। समान धनराशि पर समान दर से 1 वर्ष में साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
✗ 1. 3840
✗ 2. 480
✗ 3. 1920
✓ 4. 960

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.7 नीचे दिए गए बार ग्राफ में सोमवार से शुक्रवार तक एक आइसक्रीम पार्लर में आइसक्रीम की दैनिक बिक्री (इकाइयों में) को दर्शाया गया है। बुधवार और शुक्रवार को मिलाकर कुल कितनी आइसक्रीम बेची गईं?



Ans
✗ 1. 70 इकाई
✗ 2. 40 इकाई
✓ 3. 60 इकाई
✗ 4. 50 इकाई

Q.8 10% वार्षिक दर पर 2 वर्ष के लिए ₹15,000 पर चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच कितना अंतर है?

Ans
✗ 1. ₹100
✗ 2. ₹200
✗ 3. ₹250
✓ 4. ₹150

Q.9 एक मिश्रित ग्राफ़ शहर A, शहर B, शहर C और शहर D की वार्षिक जनसंख्या वृद्धि दर के साथ-साथ उनकी संबंधित जनसंख्या को भी दर्शाता है।



संदर्भ:
Population (in Lakhs) and Annual Growth Rate (%) of Four Cities = चार शहरों की जनसंख्या (लाख में) और वार्षिक वृद्धि दर (%), **Population (in Lakhs)** = जनसंख्या (लाख में), **Annual Growth Rate (%)** = वार्षिक वृद्धि दर (%),

चारों शहरों की भारित औसत वृद्धि दर कितनी है? (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
✗ 1. 13.23%
✗ 2. 12.85%
✓ 3. 13.55%
✗ 4. 12.50%

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.10 दो उम्मीदवारों, X और Y के बीच हुए चुनाव में, उम्मीदवार X को कुल 8000 वोटों में से 60% वोट मिले। उम्मीदवार X को कितने वोट मिले?

Ans

✗ 1. 4000

✗ 2. 3200

✓ 3. 4800

✗ 4. 5000

Q.11 एक व्यक्ति बैंक से ऋण लेकर मकान खरीदता है। इस ऋण का भुगतान ₹12,500 की 3 समान वार्षिक किस्तों में किया जाता है। यदि बैंक 25% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज लेता है, तो संपूर्ण ऋण अवधि के दौरान कुल कितना ब्याज चुकाया जाएगा?

Ans

✗ 1. ₹10,500

✗ 2. ₹19,160

✓ 3. ₹13,100

✗ 4. ₹12,400

Q.12 निम्नलिखित पाई चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
पाई चार्ट में विभिन्न विभागों के बीच कंपनी के ₹24 करोड़ के कुल वार्षिक बजट के प्रतिशत वितरण को दर्शाया गया है।



कंपनी अपने बजट में निम्नानुसार संशोधन करती है:
विपणन विभाग के मूल बजट में 20% की कमी की जाती है।
अनुसंधान विभाग के मूल बजट में 25% की वृद्धि की जाती है।
विपणन बजट में कटौती करके बचाई गई संपूर्ण धनराशि अनुसंधान विभाग को ट्रांसफर कर दी जाती है, जो कि उसमें की गई 25% की वृद्धि के अतिरिक्त है।
इन परिवर्तनों के पश्चात, अनुसंधान विभाग के बजट में उसके मूल बजट की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?

Ans

✗ 1. 43.2%

✗ 2. 38.2%

✗ 3. 43.8%

✓ 4. 47.5%

Q.13 एक ऋण का भुगतान तीन वार्षिक किस्तों में किया जाता है जिनकी कुल राशि ₹1,80,000 है। प्रत्येक किस्त में मूलधन की राशि समान है। प्रत्येक मूलधन पर क्रमशः 1 वर्ष, 2 वर्ष और 3 वर्ष के लिए 10% वार्षिक की दर से साधारण ब्याज अलग से लिया जाता है। प्रत्येक किस्त में शामिल मूलधन ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. ₹48,000

✗ 2. ₹45,000

✗ 3. ₹54,000

✓ 4. ₹50,000

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q.14 तीन संख्याएं 7 : 11 : 12 के अनुपात में हैं। यदि उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 7392 है, तो उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Ans

✔ 1. 8

✘ 2. 14

✘ 3. 12

✘ 4. 16

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा, सर्वोत्तम रूप से यह वर्णित करता है कि औसत को केंद्रीय प्रवृत्ति का माप क्यों माना जाता है?

Ans

✔ 1. यह उस केंद्रीय या विशिष्ट मान को निरूपित करता है जिसके आस-पास आँकड़ें वितरित होते हैं।

✘ 2.
यह सदैव आँकड़ों में सबसे अधिक बार आने वाले मान से सुमेलित होता है।

✘ 3.
यह सदैव आँकड़ों की माध्यिका के बराबर होता है।

✘ 4.
यह सदैव आँकड़ों के परिसर के बराबर होता है।

Q.16 पाँच अंकों की संख्या 37M64, 4 और 9 से विभाज्य हो, इसके लिए M का कितना मान होना चाहिए?

Ans

✔ 1. 7

✘ 2. 3

✘ 3. 5

✘ 4. 2

Q.17 एक माली गुलाब, लिली और ट्यूलिप की पंक्तियाँ इस प्रकार लगाना चाहता है कि प्रत्येक पंक्ति में प्रत्येक प्रकार के फूलों की संख्या समान हो। यदि उसके पास 84 गुलाब, 126 लिली और 168 ट्यूलिप के पौधे हैं, तो वह अधिकतम कितनी पंक्तियाँ लगा सकता है?

Ans

✘ 1. 14

✔ 2. 42

✘ 3. 56

✘ 4. 21

Q.18 13 विद्यार्थियों के एक समूह की औसत लंबाई 168 cm है। 165 cm और 165 cm लंबाई वाले दो और विद्यार्थी समूह में शामिल होते हैं, तथा 172 cm की औसत लंबाई वाले 4 विद्यार्थी समूह छोड़ देते हैं। इन परिवर्तनों के बाद समूह की नई औसत लंबाई (cm में) कितनी है?

Ans

✘ 1. 163

✔ 2. 166

✘ 3. 165

✘ 4. 164

Q.19 $0.\overline{12}$ (जहाँ 12 आवर्ती भाग है) की तुल्य साधारण भिन्न क्या है?

Ans

✘ 1. $\frac{12}{90}$

✔ 2. $\frac{4}{33}$

✘ 3. $\frac{5}{41}$

✘ 4. $\frac{10}{99}$

Q.20 यदि $a = 2^x$ और $b = 16^x$ है, तो $\frac{b}{a}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ 1. 2^{2x}

✘ 2. 2^x

✔ 3. 2^{3x}

✘ 4. 2^{4x}

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Section : **Arithmetical and Numerical Ability 2**

Q.1 एक व्यापारी ने ₹50 प्रत्येक के दर से 200 बैग खरीदे। भंडारण के दौरान 12 बैग खराब हो गए और बिके नहीं। शेष बैगों को ₹60 प्रति बैग के भाव से बेचा गया। व्यापारी का कुल प्रतिशत लाभ या हानि कितनी है?

Ans
- ✗ 1. 12.8% हानि
- ✓ 2. 12.8% लाभ
- ✗ 3. 6.4% लाभ
- ✗ 4. 6.4% हानि

Q.2 एक अधिकारी का वर्तमान वेतन ₹14,500 है। पहले वर्ष में इसमें 10% की वृद्धि हुई, दूसरे वर्ष में 20% की कमी हुई और तीसरे वर्ष में 36% की वृद्धि हुई। तीसरे वर्ष के अंत में उसका वेतन कितना था?

Ans
- ✗ 1. ₹17333.50
- ✗ 2. ₹17323.60
- ✗ 3. ₹17343.50
- ✓ 4. ₹17353.60

Q.3 एक टंकी में तीन पाइप हैं: पाइप A टंकी को 12 घंटे में भर सकता है, पाइप B इसे 18 घंटे में भर सकता है, और पाइप C इसे 36 घंटे में खाली कर सकता है। पाइप A और B को लगातार खुला रखा जाता है, जबकि तीसरे घंटे से शुरू करते हुए पाइप C को प्रत्येक तीसरे घंटे के लिए खोला जाता है। टंकी को पूरी तरह भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ 1. 4 घंटे 55 मिनट
- ✗ 2. 8 घंटे 28 मिनट
- ✓ 3. 7 घंटे 36 मिनट
- ✗ 4. 6 घंटे 45 मिनट

Q.4 एक उत्पाद से प्राप्त राजस्व उसकी लागत से ₹720 अधिक था। लागत ₹4,800 थी। इस लेनदेन में लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 15%
- ✗ 2. 18%
- ✗ 3. 12%
- ✗ 4. 21%

Q.5 एक ट्रेन y km/h की चाल से 4 घंटे यात्रा करती है और फिर y + 21 km/h की चाल से 3 घंटे यात्रा करती है। यदि संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल 75 km/h है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 58
- ✓ 2. 66
- ✗ 3. 82
- ✗ 4. 70

Q.6 किसी वॉशिंग मशीन का अंकित मूल्य ₹12,000 है। एक त्यौहारी सेल में 18% की पहली छूट और छूट प्राप्त मूल्य पर 7% की दूसरी छूट दी जाती है। दोनों छूटों को मिलाकर कुल कितनी धनराशि की बचत होती है?

Ans
- ✗ 1. ₹2,740.40
- ✗ 2. ₹2,500.80
- ✓ 3. ₹2,848.80
- ✗ 4. ₹2,956.08

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q.7 एक नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी तीन सौर संयंत्रों के दैनिक बिजली उत्पादन को प्रकाशित करती है। अपनी रिपोर्टिंग प्रोटोकॉल के अनुसार, संयंत्र अल्फा, बीटा और गामा के उत्पादन के आंकड़े निरंतर अनुपात में होने चाहिए। संयंत्र अल्फा ने 1,250 MWh बिजली का उत्पादन किया, जबकि संयंत्र गामा ने 5,000 MWh बिजली का उत्पादन किया। संयंत्र बीटा के लिए दर्ज किए गए बिजली उत्पादन (MWh में) की गणना कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 2,000
- ✓ 2. 2,500
- ✗ 3. 2,750
- ✗ 4. 2,250

Q.8 किसी वस्तु का क्रय मूल्य ₹x है। उसकी प्रारंभिक कीमत पर 200% अधिक मूल्य अंकित किया जाता है। फिर 25% छूट देने के बाद इसे ₹540 में बेचा जाता है। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 240
- ✗ 2. 310
- ✗ 3. 340
- ✗ 4. 280

Q.9 एक रसद कंपनी एक परिचालन आबंटन नीति का पालन करती है जिसके अंतर्गत ज़ोन B को आवंटित वितरण वाहनों की संख्या, ज़ोन A को आवंटित वितरण वाहनों की संख्या से 25% अधिक है, जबकि ज़ोन C को ज़ोन A की तुलना में 60% अधिक वाहन प्राप्त होते हैं। एक आंतरिक लेखा परीक्षा के दौरान, डैशबोर्ड रिपोर्ट के अनुसार ज़ोन B में 250 वाहन हैं और ज़ोन C में 330 वाहन हैं। ऑडिट टीम ने पुष्टि की है कि आवंटन नीति को सही ढंग से लागू किया गया है, लेकिन रिपोर्ट किए गए मानों में से ठीक एक मान नीति के असंगत है। ज़ोन C के लिए रिपोर्ट किया गया आवंटन इसके सही आवंटन से कितने वाहनों से भिन्न है?

Ans
- ✗ 1. 5
- ✗ 2. 20
- ✗ 3. 15
- ✓ 4. 10

Q.10 यदि 0.15, 0.45 और 1.20 किसी समानुपात के प्रथम तीन पद हैं, तो चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 3.20
- ✗ 2. 3.40
- ✓ 3. 3.60
- ✗ 4. 2.40

Q.11 X, Y के अनुक्रमानुपाती है और Z के व्युत्क्रमानुपाती है। X का मान ज्ञात कीजिए जब Y = 10 और Z = 2 हो, यह दिया गया है कि Y = 6 और Z = 3 होने पर X = 12 है।

Ans
- ✗ 1. 24
- ✗ 2. 20
- ✗ 3. 18
- ✓ 4. 30

Q.12 एक विद्यार्थी 10 km/h घंटे की चाल से स्कूल जाता है और 15 km/h घंटे की चाल से लौटता है। यदि 10 मिनट के विश्राम को छोड़कर कुल यात्रा में उसे 1 घंटा लगता है, तो उसके घर और स्कूल के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 7 km
- ✓ 2. 6 km
- ✗ 3. 5 km
- ✗ 4. 8 km

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q.13 एक शंक्वाकार टैंक की ऊँचाई, उसकी त्रिज्या की तीन गुनी है। यदि उसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल संख्यात्मक रूप से उसके आयतन के तीन गुने के बराबर है, तो टैंक की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $3\sqrt{2}$ units
✗ 2. $\sqrt{5}$ units
✗ 3. $2\sqrt{3}$ units
✓ 4. $\sqrt{10}$ units

Q.14 एक खुदरा विक्रेता ₹5,00,000 की सूची मूल्य वाले सामान खरीदना चाहता है। दो वितरक निम्नलिखित छूट संरचनाएं प्रदान करते हैं।
वितरक A: 20% व्यापारिक छूट और उसके बाद 5% नकद छूट।
वितरक B: 10% व्यापार छूट, 10% की अतिरिक्त स्कीम छूट और 5% नकद छूट।
यदि खुदरा विक्रेता सभी छूटों के लिए पात्र है और नकद छूट अवधि के भीतर भुगतान करता है, तो वितरक A की अपेक्षा वितरक B को चुनने पर खुदरा विक्रेता को कितना अधिक भुगतान (₹ में) करना होगा?

Ans
✗ 1. 3,912
✗ 2. 4,212
✗ 3. 3,650
✓ 4. 4,750

Q.15 कल्पना और सुधा ने एक ही परीक्षा में क्रमशः 600 और 576 अंक प्राप्त किए। यदि कल्पना ने 25% अंक प्राप्त किए, तो सुधा द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत कितना है?

Ans
✗ 1. 25%
✗ 2. 27%
✓ 3. 24%
✗ 4. 22%

Q.16 एक व्यापारी ₹6,000 में सामान का एक बैच खरीदता है। वह आधे बैच को 15% के लाभ पर बेचता है और शेष आधे को 10% की हानि पर बेचता है। संपूर्ण लेन-देन पर समग्र लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2.5% हानि
✗ 2. 1.5% लाभ
✓ 3. 2.5% लाभ
✗ 4. 1.5% हानि

Q.17 एक लग्ज़री होटल आंशिक रूप से चालू रहते हुए अपने गेस्ट फ़्लोर का रेनोवेशन करवा रहा है। रेनोवेशन शेड्यूल सिविल इंजीनियरिंग टीम को सभी विषम-क्रमांक कार्य दिनों पर और इंटीरियर फ़िनिशिंग टीम को सभी सम-क्रमांक कार्य दिनों पर कार्य सौंपता है। साथ ही, प्रत्येक पाँचवें कार्य दिन (दिन 5, 10, 15, ...) दोनों टीमें बारी-बारी चलने वाले शेड्यूल की उपेक्षा करके साथ मिलकर कार्य करती हैं। यदि सिविल इंजीनियरिंग टीम अकेले 30 दिन और इंटीरियर फ़िनिशिंग टीम अकेले 45 दिन रेनोवेशन पूरा कर सकती है, तो वह कार्य दिन ज्ञात कीजिए, जिस दिन रेनोवेशन का कार्य पूरा होगा।

Ans
✗ 1. 32वाँ
✗ 2. 27वाँ
✓ 3. 30वाँ
✗ 4. 28वाँ

Q.18 80 मीटर लंबी और 90 km/h की चाल से चलने वाली ट्रेन X, 100 मीटर लंबी और समान दिशा में 60 km/h की चाल से चलने वाली ट्रेन Y को ओवरटेक करती है। ट्रेन X को ट्रेन Y को पूर्ण रूप से पार करने में कितने सेकंड लगते हैं?

Ans
✗ 1. 40.4
✓ 2. 21.6
✗ 3. 32.3
✗ 4. 16.5

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.19 किसी पार्क के लिए एक भूमिगत जल की टंकी, एक खोखले गोलार्ध के आकृति की है जिसका आंतरिक व्यास 8.4 m है। यदि वॉटरप्रूफ कोटिंग का 2-लीटर कैन, 5 m^2 क्षेत्र को कवर करता है, तो टंकी के आंतरिक वक्र पृष्ठ को कवर करने के लिए कितने डिब्बों की आवश्यकता होगी? (π = 3.14 का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ 1. 19
- ✗ 2. 21
- ✓ 3. 23
- ✗ 4. 25

Q.20 चतुर्भुज के आकार वाले एक भूखंड का एक विकर्ण 40 m है। अन्य दो शीर्षों से इस विकर्ण पर खींचे गए लंब 12 m और 18 m हैं। भूखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 600 m^2
- ✗ 2. 800 m^2
- ✗ 3. 400 m^2
- ✗ 4. 700 m^2

Section : **Hindi Language and Comprehension**

Q.1 'मुँह बंद होना' मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करें -

Ans
- ✗ 1. उदास होना
- ✗ 2. उदार होना
- ✗ 3. अधिक माँग करना
- ✓ 4. निरुत्तर होना

Q.2 निम्नलिखित में से 'जो हर समस्या का समाधान सुझाए' वाक्यांश के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द कौन-सा है?

Ans
- ✗ 1. नियामक
- ✗ 2. संपादक
- ✗ 3. नियोजक
- ✓ 4. परामर्शदाता

Q.3 निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'कोल्हू का बैल बनना' मुहावरे का सही अर्थ दिया गया है?

Ans
- ✓ 1. काम में पूरी तरह जुटे रहना
- ✗ 2. दूसरों के रहन-सहन की नकल करना
- ✗ 3. अपना घर बहुत सुंदर सजाना
- ✗ 4. हर समय सावधानी से रहना

Q.4 निम्नलिखित वाक्य में उचित विशेषण का प्रयोग कर वाक्य पूर्ण करें-
'अनामिका स्वभाव की है।'

Ans
- ✗ 1. ढीला
- ✓ 2. नखरैल
- ✗ 3. सफेद
- ✗ 4. पतला

Q.5 किस विकल्प में 'उपयुक्त अवसर को पहचानने की योग्यता रखने वाला व्यक्ति' के लिए एक सार्थक शब्द है?

Ans
- ✗ 1. आशावादी
- ✓ 2. अवसरवादी
- ✗ 3. सहृदय
- ✗ 4. दृढ़निश्चयी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q.6 'चौबे गए छब्बे बनने दुबे ही रह गए'- लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

Ans
✗ 1. हराम की कमाई बेकार जाती है
✓ 2. अधिक पाने के लालच में अपना सबकुछ गँवा बैठना
✗ 3. अपनी योग्यता से बढ़कार बातें करने का आदी होना
✗ 4. अपने गुणों के अनुरूप कार्य न करना

Q.7 'बचपन में घटी घटनाओं का हमारे जीवन पर ..... असर पड़ता है।' इस वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए विशेषण चुनें -

Ans
✗ 1. भारी
✓ 2. गहरा
✗ 3. हल्का
✗ 4. उथला

Q.8 निम्नलिखित अव्यवस्थित शब्दों को व्यवस्थित कर सही वाक्य चुनिए—
'उड़ते दिखाई वहाँ बहुत-से पशु और पक्षी चरते और दिए'

Ans
✗ 1. और बहुत-से पशु दिए वहाँ और उड़ते दिखाई चरते पक्षी
✗ 2. उड़ते दिखाई चरते और बहुत-से पशु दिए वहाँ और पक्षी
✗ 3. उड़ते दिखाई वहाँ और पक्षी चरते और बहुत-से पशु दिए
✓ 4. वहाँ बहुत-से पशु और पक्षी चरते और उड़ते दिखाई दिए

Q.9 'जो दूसरों के दोष खोजे' वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द होगा –

Ans
✗ 1. अकिंचन
✗ 2. इन्दीवर
✗ 3. अन्यमनस्क
✓ 4. छिद्रान्वेषी

Q.10 दिए गए वाक्यों में से सही क्रम वाले वाक्य का चयन कीजिए।

Ans
✗ 1. चुनाव मैदान एक के नेता में हत्या कर दी गयी की।
✓ 2. चुनाव के मैदान में एक नेता की हत्या कर दी गयी।
✗ 3. के चुनाव मैदान एक नेता में की हत्या कर दी गयी।
✗ 4. एक नेता में चुनाव के मैदान की हत्या कर दी गयी।

Q.11 निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित अशुद्ध शब्द के स्थान पर सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।
<u>कवयात्री</u> की कविता ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

Ans
✗ 1. कवियित्री
✗ 2. कवयत्री
✓ 3. कवयित्री
✗ 4. कवियित्रि

Q.12 सर्वोचित कारक चिह्न से दिए गए वाक्य का रिक्त स्थान पूर्ण करें—
किसी भी विषम परिस्थिति ..... धैर्य ही संकट को टालता है।

Ans
✗ 1. से
✗ 2. पर
✓ 3. में
✗ 4. को

Q.13 निम्नलिखित अव्यवस्थित शब्दों को व्यवस्थित कर सही वाक्य चुनिए—
'सहृदय भाव और रस का वास्तविक आस्वाद कर सकता है व्यक्ति ही काव्य के'

Ans
✓ 1. सहृदय व्यक्ति ही काव्य के भाव और रस का वास्तविक आस्वाद कर सकता है
✗ 2. वास्तविक आस्वाद कर सकता सहृदय व्यक्ति ही काव्य के भाव और रस का है
✗ 3. सकता सहृदय व्यक्ति ही काव्य के भाव और रस का है वास्तविक आस्वाद कर
✗ 4. काव्य के भाव और रस का वास्तविक सहृदय व्यक्ति ही आस्वाद कर सकता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.14 निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान को भरने के लिए उपयुक्त क्रिया वाले विकल्प का चयन करें:
जैसे ही उसने दूर से अपनी माँ के कराहने की आवाज़ सुनी, वह बिना कुछ कहे तुरंत _____।

Ans
- ✔ 1. चल दिया
- ✘ 2. चलता है
- ✘ 3. चला जाता
- ✘ 4. चला था

Q.15 दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है ?
'घर के स्वामि से पूछ लें।'

Ans
- ✘ 1. पूछ
- ✔ 2. स्वामि
- ✘ 3. घर
- ✘ 4. लें

Q.16 निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनिए।
'वह जो दूसरों के उपकार को न मानता हो'

Ans
- ✘ 1. प्रवासी
- ✘ 2. कृतज्ञ
- ✔ 3. कृतघ्न
- ✘ 4. वर्णक

Q.17 उसका मकान .....बना है ।]
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित विशेषण शब्द का चयन करें –

Ans
- ✔ 1. नया
- ✘ 2. थोड़ा
- ✘ 3. उसके लिए
- ✘ 4. अभी

Q.18 निम्न मुहावरे का सही अर्थ अंकित कीजिए।
बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद-

Ans
- ✘ 1. किसी चीज से नफरत होना
- ✔ 2. किसी चीज की जानकारी न होना
- ✘ 3. किसी चीज से आकर्षित होना
- ✘ 4. किसी चीज की जानकारी होना

Q.19 निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान को भरने के लिए उपयुक्त परसर्ग का चयन करें।

जीवनकाल के गंभीर क्षणों _____उपयोग कर्म करने के लिए किया जाता है।

Ans
- ✔ 1. का
- ✘ 2. में
- ✘ 3. से
- ✘ 4. पर

Q.20 'सदा एक-सी दशा में रहना' किस लोकोक्ति का अर्थ है?

Ans
- ✘ 1. डूबते को तिनके का सहारा
- ✘ 2. झूठ के पाँव नहीं होते
- ✔ 3. ढाक के वही तीन पात
- ✘ 4. डंडा सबका पीर

Section : **Hindi Language and Comprehension 2**

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q.1 विदेशज शब्द 'हिम्मत' का शुद्ध प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?

Ans
- ✗ 1. कठिन समय में हिम्मता नहीं हारनी चाहिए।
- ✗ 2. कठिन समय में हम्मित नहीं हारनी चाहिए।
- ✗ 3. कठिन समय में हिमत नहीं हारनी चाहिए।
- ✓ 4. कठिन समय में हिम्मत नहीं हारनी चाहिए।

Q.2 इस विराट मैदान में लाखों दर्शक एक साथ बैठ सकते हैं।

वाक्य में प्रयुक्त विराट शब्द का विलोम क्या है।

Ans
- ✗ 1. आलोक
- ✗ 2. रोद्र
- ✗ 3. भक्षक
- ✓ 4. क्षुद्र

Q.3 निम्न में से कौन-सा विकल्प तत्सम नहीं है?

Ans
- ✗ 1. भद्रक
- ✓ 2. भला
- ✗ 3. विभूति
- ✗ 4. भक्त

Q.4 'सूअर' का तत्सम शब्द है-

Ans
- ✗ 1. स्वर्ण
- ✗ 2. शत
- ✓ 3. शूकर
- ✗ 4. शुंडा

Q.5 निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित अशुद्ध शब्द के स्थान पर सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए।
परीक्षा के परिणाम की प्रतीक्षा में विद्यार्थी <u>व्याकुल्त</u> थे।

Ans
- ✗ 1. व्यकुल
- ✗ 2. व्यकूल
- ✗ 3. व्याकूल
- ✓ 4. व्याकुल

Q.6 निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'औदार्य' के सही विलोम शब्द का प्रयोग हुआ है?

Ans
- ✗ 1. दुखी जीवों की पुकार सुनकर महात्मा के मन में करुणा जाग उठी।
- ✗ 2. सच्चे मनुष्यों के मन में हमेशा दूसरों के प्रति सहृदयता होती है।
- ✗ 3. दानवीर कर्ण अपनी दानशीलता के लिए पूरे इतिहास में प्रसिद्ध हैं।
- ✓ 4. उसके व्यवहार का अनौदार्य देखकर सभी लोग बहुत निराश हुए।

Q.7 दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?
दुःखमय अतीत का विस्मरन ही सुख है।

Ans
- ✓ 1. विस्मरन
- ✗ 2. अतीत का
- ✗ 3. दुःखमय
- ✗ 4. सुख है

Q.8 दिए गए विकल्पों में कौन सा विकल्प तत्सम शब्द है?

Ans
- ✗ 1. कठपुतली
- ✗ 2. उलाहना
- ✓ 3. गोपालक
- ✗ 4. अनगिनत

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q.9 दिए गए वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?
उसने बताया कि मैं चार भाई-बहन हैं।

Ans
✗ 1. हैं।
✗ 2. उसने बताया
✗ 3. चार भाई-बहन
✓ 4. कि मैं

Q.10 निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'औचित्य' के सही विलोम शब्द का प्रयोग हुआ है?

Ans
✓ 1. बिना किसी कारण के क्रोध करना आपकी बात का अनौचित्य दर्शाता है।
✗ 2. मनुष्यों को कभी भी अपनी मान-मर्यादा की सीमाओं को नहीं लांघना चाहिए।
✗ 3. संकट के समय हमें हमेशा अपने विवेक और बुद्धि का प्रयोग करना चाहिए।
✗ 4. न्यायालय का मुख्य कार्य समाज में हर पीड़ित को न्याय दिलाना है।

Q.11 रमा की <u>स्वल्पायु</u> के कारण परिवार में शोक का माहौल छा गया।

रेखांकित शब्द का विलोम क्या है?

Ans
✗ 1. भोज्य
✗ 2. अल्पआयु
✓ 3. चिरायु
✗ 4. आभ्यंतर

Q.12 निम्न में से कौन-सा विकल्प तद्भव नहीं है ?

Ans
✗ 1. सिर
✓ 2. शिक्षा
✗ 3. सियार
✗ 4. सिल

Q.13 'एक टीम का कप्तान हार के बाद अपने सभी निरुत्साहित खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।' इस वाक्य में 'निरुत्साहित' शब्द का उपयुक्त विलोम कौन-सा है?

Ans
✗ 1. निराश्रित
✗ 2. अविचलित
✓ 3. उत्साहित
✗ 4. निर्विकार

Q.14 निम्नलिखित में 'कर्तरी' का तद्भव शब्द कौन है ?

Ans
✗ 1. कातिक
✓ 2. कैंची
✗ 3. कुछ
✗ 4. किरन

Q.15 निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'ओतप्रोत' के सही विलोम शब्द का प्रयोग हुआ है?

Ans
✓ 1. वह पुरानी रूढ़ियों से बिल्कुल विलग होकर आधुनिक सोच रखता है।
✗ 2. वह अपनी नई पुस्तक के लेखन कार्य में पूरी तरह संलग्न है।
✗ 3. दोनों राज्यों की सेनाओं ने एक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया।
✗ 4. घड़ा पानी से पूरी तरह पूर्ण था और बहने की स्थिति में था।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Comprehension:

निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न का उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनिए।
